कण कण मे श्याम

(तर्ज - यहां वहां सारे जहां में..)

यहां वहां हर इक कण कण में मेरा श्याम है,
खाटुवाले श्याम तेरी जय जयकार
तेरे दर पे मेरे बने, सारे बिगड़े काम है,
खाटुवाले श्याम तेरी जय जयकार

तुने ही हर पल सम्भाला, तुझ से ही जग में उजाला,
तु ही मेरा, हां हां मेरा, खाटुवाला,
तेरे ही चरणों में कटे, मेरी सुबह शाम है,
खाटुवाले श्याम तेरी जय जयकार
यहां वहां ....

आये जो संकट तो टाला, तु है तीन बाण वाला,
तु रखवाला, तु प्रतिपाला, पालनहारा,
मेरी हर समस्या का, श्याम समाधान है,
खाटुवाले श्याम तेरी जय जयकार
यहां वहां ....

हाथ में पतवार तेरे, ना फंसु मझधार में रे,
तुम ही करते, हां हां करते, मुझको किनारे,
तेरे रहते "बिट्टु" की, राह हर आसान है,
खाटुवाले श्याम तेरी जय जयकार,
यहां वहां.......

SINGER - BAJRANG LAL AGARWAL
LYRICS - SUNIL DHANANIA "BITTOO"
CONTACT US - 9830531000

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20872/title/kan-kan-me-mera-shyam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |